*प्रेस नोट*

*जनपद भदोही*

*दिनांक: 17.09.2026*

*◆ थाना दुर्गागंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, बकरी चोरी के प्रयास का विरोध करने पर जानलेवा हमला करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार*

*◆ घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार (फरसा) बरामद*

*घटना/गिरफ्तारी का विवरण:*

दिनांक 15.09.2026 की रात्रि ग्राम हरदुआ में अभियुक्तगण राकेश उर्फ करिया एवं विरेन्द्र वनवासी उर्फ ननका द्वारा बकरी चोरी का प्रयास किया गया। विरोध करने पर अभियुक्तों द्वारा चरवाहा रामरेखा पाल पर धारदार हथियार (फरसा) से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना दुर्गागंज पर मु0अ0सं0 104/2026 धारा 352, 109(1), 307 बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही थी। जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 17.09.2026 को थाना दुर्गागंज पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कस्बा दुर्गागंज बाजार के पास से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

*गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:*

1.राकेश उर्फ करिया पुत्र लालमणि, निवासी ग्राम बभनौली, थाना सिकरारा, जनपद जौनपुर, उम्र करीब 24 वर्ष।

2.विरेन्द्र वनवासी उर्फ ननका पुत्र डब्बू, निवासी ग्राम हरदुआ, थाना दुर्गागंज, जनपद भदोही, उम्र करीब 23 वर्ष।

*बरामदगी:*

घटना में प्रयुक्त 01 अदद धारदार हथियार (फरसा)।

*पूछताछ का विवरण:*

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे 15.09.2026 की रात्रि हरदुआ गांव में बकरी चोरी करने की नीयत से गए थे। रामरेखा पाल के जागकर विरोध करने पर पकड़े जाने के डर से उन पर फरसे से हमला कर दिया। घटना के बाद फरसे को हरदुआ गांव स्थित पोखरे में फेंक दिया था, जिसे अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया।

*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:*उ0नि0 श्री यादवेंद्र यादव, हे0का0 श्री रामप्रवेश गोस्वामी, रि0आ0 श्री राघवेन्द्र कुमार वर्मा एवं रि0आ0 श्रीप्रकाश, थाना दुर्गागंज, जनपद भदोही।